Tital Code. : RAJHIN27802

वागड़ संदेश

वर्ष-1 अंक-6 सागवाड़ा, मंगलवार,31 अगस्त, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

रविवार

हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

दरियापाडा गांव में एक किसान की सर्पदंश से मौत

बिछीवाड़ा। डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के दरियापाडा गाँव में एक किसान की सर्पदंश से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार बिछीवाडा थाना क्षेत्र के दरियापाडा गाँव निवासी अशोक मोलात कल शाम को खेत पर काम से गया था इस दौरान एक सांप ने उसे काट लिया। जिस पर उसकी तबियत बिगड़ी और परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

इधर आज अलसुबह उपचार के दौरान अशोक की मौत हो गई। सुचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। साथ ही मामला दर्ज का पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

2 अक्टूबर से शुरू हो रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान की तैयारियों को लेकर चर्चा

डूंगरपुर।

प्रदेश के मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने मंगलवार को प्रदेश के सभी कलेक्टर व एसपी सहित अन्य अधिकारियो की वीसी के जरिये बैठक ली। डूंगरपुर कलेक्ट्रेट के आईटी केंद्र से डूंगरपुर कलेक्टर सुरेश कुमार ओला व एसपी सुधीर जोशी सहित अन्य अधिकारी वीसी से जुड़े। बैठक में मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने प्रदेश के सभी जिलो में 2 अक्टूबर से शुरू हो रहे प्रशासन गांवों के संग अभियान के सफल क्रियान्वयन व तैयारियों को लेकर अधिकारियो से चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने अधिकारियो को अभियान के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश के साथ अभियान के तहत पंचायतो में लगने वाले शिविरों में कोरोना गाइड लाइन की पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियो को शिविर में आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान के निर्देश दिए साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र लोगो को योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। वही बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेश में बढ़ रहे साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए तैयार की जाने वाली कार्ययोजना को लेकर जिले के सभी एसपी से सुझाव भेजने के निर्देश दिए है।

सड़क पर कचरा फैलाया तो बनेगा चालान, जुर्माना वसूला जाएगा

नोटिस जारी कर दी जा रही हिदायत, फिर भी नही माने तो होगी कार्यवाही

सागवाड़ा।

शहर में स्वच्छता को लेकर नगरपालिका सागवाड़ा अब सख्त कदम उठाने जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सागवाड़ा शहर को प्लास्टिक मुक्त रखने और सड़कों पर साफ़ सफाई को लेकर नगरपालिका प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत पान गुटखा विक्रेता, होटल, चाय की थड़ी, केंटीन, भोजनालय और प्रतिष्ठान, सब्जी और फल विक्रेता को सड़क पर कचरा नही फैलाने की हिदायत दी जा रही है। नगरपालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहर की सुंदरता तभी रहेगी जब साफ सफाई रहेगी। इसके लिए पालिका प्रशासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे है। चाय के कप, प्लास्टिक पाउंच, गुटखा के पाउंच, बिड़ी, सिगरेट, झुठन और सड़ी गली गली सब्जियों को सड़क पर फैकने से गंदगी होती है। खोडनिया ने बताया कि पोलिथीन के उपयोग को रोकने को लेकर सरकार भी सख्त है। सड़क पर कचरा फ़ैलाने व पोलिथीन के ज्यादा उपयोग से न सिर्फ शहर की स्वच्छता पर असर पड़ता है बल्कि स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि शहर में व्यवसाय कर रहे व्यापारियों को कचरा पात्र का उपयोग करना होगा साथ ही प्लास्टिक के कप और पोलीथिन का उपयोग बंद करना होगा। इस संबंध में नगरपालिका की ओर से सर्वे कर नोटिस जारी किये जा रहे है। इसके बाद भी यदि को सड़क पर कचरा फैलाता है तो नगरपालिका के अधिनियम 2009 के तहत चालान बनाकर कार्यवाही की जाएगी और जुर्माना वसूला जाएगा।

शिक्षकों के 6डी व सेटअप परिवर्तन के विरोध में प्रदर्शन

झौथरी।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा झौथरी ने शिक्षकों के 6डी व सेटअप परिवर्तन के उपलक्ष्य में विरोध प्रदर्शन किया है। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने शिक्षकों के लिए 6डी सेटअप परिवर्तन पर रोक लगाने की मांग करते हुए बताया की विगत ढाई वर्षो में शिक्षा विभाग द्वारा श्रैष्ठ कार्य किये जा रहे है । इसमें शिक्षकों में सरकार व शिक्षा विभाग के प्रति सकारात्मक छवी बनी है। हाल ही तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लिए हो रहे सेटअप परिवर्तन व 6 डी की प्रक्रिया गलत है। उपशाखा अध्यक्ष पोपटलाल कटारा ने बताया की हाल ही नवीन सेवा नियम 2021 की घोषणा के साथ आप द्वारा 6 डी के तहत पंचायत राज के तीन वर्ष के अनुभव की शर्त हटाकर इसे शून्य वर्ष किया गया है । जिससे शिक्षकों में सकारात्मक माहौल बना था। नियम म शिथिलता प्रदान की जा सकती है। ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। उन्होने इस हेतु माध्यमिक शिक्षा में विधालयो के रिक्त पदो की सीधी भर्ती के तहत नवीन भर्तीया कर भरा जाये तथा प्रारम्भिक शिक्षा में रिक्त पदो की सीधी भर्ती से भरा जाये। जिससे दोनो विभागो में किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी इसके बाद भी माध्यमिक शिक्षा में शिक्षकों की कमी रहने पर विकल्प लेकर सेटअप परिवर्तन किया जाना उपयुक्त होगा। इस दौरान संगठन मंत्री योगेश कुमार पाटीदार, कोषाध्यक्ष जीवराम, अजय गमेती, गोपाल पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार, विरजी रोत, रमेश चंद्र गरासिया, भरत पाटीदार, कमलेश जैन सहित मौजूद थे ।

जल शक्ति मंत्री के निजी सचिव पंचाल के प्रयास, कुवैत से भीलूड़ा पहुंचा शव

बीते दिनों भीलूड़ा के एक युवक की कुवैत में इलाज के दौरान हुई थी मौत

जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह के साथ चिराग पंचाल

भीलूड़ा। कुवैत में भीलूड़ा के एक युवक की पिछले दिनों इलाज के दौरान मौत हो गई थी। भीलूड़ा निवासी दिनेश पाटीदार की मौत के बाद शव को यहां लाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। शव इंडिया नहीं आने से परिजन परेशान थे। ऐसे में मृतक के परिजनों और दोस्तों ने गजेंद्र सिंह शेखावत, जल शक्ति मंत्री भारत सरकार के निजी सचिव चिराग पंचाल से संपर्क किया। पांचाल भीलूड़ा के ही निवासी हैं। चिराग ने अपने व्यस्ततम समय मे भी कुवैत भारतीय दूतावास से संपर्क किया और हॉस्पिटल और दूतावास के बीच माध्यम बनकर हर रोज की अपडेट ली साथ ही वहां इंडियन एम्बेसी के अधिकारियों से रोज वार्तालाप करके पूर्ण सहयोग किया। परिजनों ने सपना फाउंडेशन का भी आभार जताया जिन्होंने सात समंदर पार भी ब्लड़ की कोई कमी नही होने दी। परिजनों ने चिराग पंचाल का आभार जताया जिन्होंने सात समंदर पार भी अपने देश सा सहयोग व एहसास करवाया साथ ही अंतिम समय मे दिनेश जी की मृत्यु के पश्चात भी उनका सहयोग रहा और उनके पार्थिव शरीर को अपने वतन भारत माता की मिट्टी नसीब हुई। स्वर्गीय दिनेश पाटीदार के परिजनों का कहना था कि

मृतक दिनेश पाटीदार

उन्होंने अंतिम समय तक हमें दूतावास में किसी भी कार्य को करवाने में बाधा नहीं आने दी, और भारत लाने का सारा प्रबंध कराया । इससे पहले भी कोरोना काल की भीषण त्रासदी हो या कुछ और, चिराग सैंकड़ों लोगों की मदद कर चुके है । और वागड़ वासियों की सहायता के लिए हमेशा अग्रसर रहते है ।

डूंगरपुर में 10 से शुरू होंगी कराटे क्लास

डूंगरपुर।

बेटियों को आत्म रक्षा के गुर सिखाने को लेकर नगरपरिषद द्वारा 10 सितम्बर से कराटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मंगलवार को नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ और उपसभापति सुदर्शन ने संयुक्त रूप से बैठक लेकर कराटे क्लास शुरू करने की बात कही। सभापति ने कहा कि आज वर्तमान युग में बेटियों को आत्म रक्षा के गुर सिखाने सबसे अधिक आवयश्क है।

कराटे क्लास का प्रशिक्षण 10 सितम्बर से नगरपरिषद के आदर्श नगर स्थित सामुदायिक भवन में शुरू किये जायेंगे।

परिषद आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि कराटे क्लास के प्रशिक्षण के लिए 1 सितम्बर से नगरपरिषद में रजिस्ट्रेशन किया जाएगा जिसके लिए परिषद की कल्पना भावसार से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा।

रात्रि में राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा किया

बदमाशों को गिरफ्तार करते हुए आरोपियों के कब्जे से लुटे गए23 मोबाइल व दो बाइक जब्त की

गणेशपुर। दोवडा थाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए रात्रि में राहगीरों से लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा किया है । मामले में पुलिस ने । बदमाशो को गिरफ्तार करते हुए आरोपियों के कब्जे से लुटे गए 23 मोबाइल व दो बाइक जब्त की है। दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की11 अगस्त को हथाई निवासी नाथूलाल पाटीदार के साथ रात्री में बाइक सवार कुछ बदमाशो ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया। अनुसन्धान के दौरान संदेह होने पुलिस ने देवकी निवासी सचिन कटारा,नरेश कटारा, हरीश कटारा, लीलाराम कटारा, गोविन्द कटारा, रामगढ़ फला नई बस्ती निवासी प्रकाश यादव और ओडवाडिया निवासी जयप्रकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने वारदात को करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने सभी को गिरफ्तार किया। वही पूछताछ में आरोपियों ने जिलेभर में कुल । वारदाते लूट की कबुली। इधर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लुटे गए 23 मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त 2 बाइक भी जब्त की है । फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है । थाना अधिकारी कमलेश चौधरी के सानिध्य में टीम गठित की जिसमें तेज सिंह ए एसआई नेपाल सिंह चौकी प्रभारी बनकोड़ा पुष्पेंद्र सिंह माधव सिंह भंवर सिंह कृपाल सिंह राहुल अभिषेक जोगेंद्र हेमेंद्र की टीम गठित कर अपराधियों की धरपकड़ की।

बांसिया में लोक देवता का जन्मोत्सव मनाया

सीमलवाड़ा।

लोक देवता गोगाजी उर्फ गातोड़ चौहान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बांसिया कल्याण धाम में मंगलवार नवमी के अवसर पर गोगाजी का जन्मोत्सव मनाया।

सुबह महंत जसवंत सिंह के सानिध्य में खड़क पूजन, गादी पूजन, शस्त्र पूजन समेत धार्मिक अनुष्ठान हुए।

शास्त्री प्रमोद पंड्या के मंत्रोचार में महंत जसवंत सिंह, मुख्य यजमान राकेश कलाल सपत्नीक हेमलता कलाल के सानिध्य में नवचंडी हवन का आयोजन किया गया। हवन के बाद महा आरती का आयोजन हुआ। राकेश कलाल की ओर से महा प्रसादी का आयोजन हुआ।

मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया।इस दौरान महंत हरिश्चंद्र सिंह चुंडावत, मोतीलाल कलाल, दिलीप सिंह राठौड़, पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, विनोद पंड्या, मणिलाल यादव, सुखलाल पंचाल, माधव सिंह, धनजी पाटीदार, कालू भाई, अमु भाई पाटीदार, कांतिलाल कलाल, भावेश पाटीदार, दिनेश कलाल, जीवतराम रावल, गुणवंत कलाल, अर्जुन सिंह, लालजी भाई पाटीदार, राजेंद्र डामोर, करण सिंह समेत श्रद्धालु मौजूद रहे।

बांसिया में हवन करते श्रद्धालु।

क्षत्रिय पीपा दर्जी समाज की ओर से फलाहारी खिचड़ी का वितरण

सागवाड़ा। उपखंड के भीलूड़ा में क्षत्रिय पीपा दर्जी समाज के तत्वावधान में सोमवार को रघुनाथ मंदिर परिसर में श्रावण में फलाहारी खिचड़ी महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रावण का सोमवार होने पर क्षत्रिय पीपा दर्जी समाज द्वारा श्रद्धालुओं को फलाहार के रूप में खिचड़ी का वितरण हुआ। इस दौरान दाड़म चंद दर्जी , बापूलाल दर्जी, लोकेश दर्जी,नीतिन दर्जी, मुकेश दर्जी, हेमेन्द्र दर्जी, उपेन्द्र दर्जी, कपिल दर्जी, जितेंद्र दर्जी, विकास दर्जी, दीपक दर्जी, नीलेश दर्जी सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ऑननलाइन आवेदन में टीएसपी से नॉन टीएसपी व नॉन टीएसपी से टीएसपी में तबादले का विकल्प ही नहीं दिया

थर्ड ग्रेड शिक्षकों के स्थानांतरण का मामला

डूंगरपुर।

टीएसपी में कार्यरत थर्ड ग्रेड शिक्षक के नॉन टीएसपी जाने एवं नॉन टीएसपी में कार्यरत थर्ड ग्रेड के टीएसपी क्षेत्र में आने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। ऑननलाइन आवेदन में टीएसपी से नॉन टीएसपी व नॉन टीएसपी से टीएसपी में तबादले का विकल्प ही नहीं दिया गया है।

इससे टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत ढाई हजार शिक्षको के चेहरे पर मायूसी छा गई है। 25 अगस्त के बाद अब तक इस पर निर्णय नहीं हो सका है। इससे टीएसपी क्षेत्र व नॉन टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षको के चेहरे पर निराशा है। प्रदेश में लम्बे समय बाद सरकार ने डार्क जॉन के थर्ड ग्रेड शिक्षको के तबादले करने का रास्ता खोला था। जिसमे 18 अगस्त से 25 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन करना था। सरकार को ओर से की गई ऑनलाइन व्यवस्था में सिर्फ टीएसपी से टीएसपी व नॉन टीएसपी से नॉन टीएसपी के लिए ही आवेदन कर पाए है।

सरकार की ओर से ऑननलाइन आवेदन में टीएसपी से नॉन टीएसपी व नॉन टीएसपी से टीएसपी में तबादले का विकल्प ही नहीं दिया गया है। जबकि थर्ड ग्रेड शिक्षको की असल मांग तो अपने गृह क्षेत्र जाने की है, जो तबादले की इस प्रक्रिया में भी उलझ कर रह गई। ऐसे में टीएसपी में कार्यरत नॉन टीएसपी क्षेत्र के शिक्षको व नॉन टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत टीएसपी क्षेत्र के शिक्षको ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से पोर्टल में टीएसपी से नॉन टीएसपी व नॉन टीएसपी से टीएसपी में तबादले का विकल्प दिए जाने की मांग की है। बहराल नॉन टीएसपी संघर्ष समिति ने क्षेत्रीय विधायको से मामले में दखल देते हुए विभागीय पोर्टल पर ऑननलाइन आवेदन में टीएसपी से नॉन टीएसपी व नॉन टीएसपी से टीएसपी में तबादले का विकल्प दिए जाने की मांग की है।

वही नॉन टीएसपी संघर्ष समिति की मांग पर डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा व चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए ऑननलाइन आवेदन में टीएसपी से नॉन टीएसपी व नॉन टीएसपी से टीएसपी में तबादले का विकल्प देकर हजारो शिक्षको को राहत देने की मांग की है।

रात्रि में वाहनों पर पथराव कर शराब के लिए पैसे मांगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

दोवडा।

दोवडा थाना पुलिस ने रात्रि में वाहनों पर पथराव कर शराब के लिए पैसे मांगने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की डूंगरपुर शहर के शिवाजी नगर निवासी तेजस्व भोई ने 28 अगस्त को रिपोर्ट दी थी की 24 अगस्त को तेजस्व अपने परिवार के साथ उज्जैन से डूंगरपुर लौट रहे थे इस दौरान आसपुर-डूंगरपुर मार्ग पर बोकडसेल के पास दो बदमाश पत्थर लेकर कार के आगे आ गए और शराब के लिए पैसे मांगे। शराब के लिए पैसे नहीं देने पर बदमाशो ने कार पर पथराव कर दिया जिससे प्रार्थी घायल भी हो गया था। पीड़ित की रिपोर्ट पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया। इस दौरान आज गामिरपुर निवासी नटवर अहारी और देवीलाल अहारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने अपना जुर्म करना कबूल किया।

जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इधर पूछताछ में आरोपियों ने पथराव की अन्य घटनाओं को भी कबूला है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।थाना अधिकारी कमलेश चौधरी द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए गठित की टीम नेपाल सिंह हेड कांस्टेबल चौकी प्रभारी बनकोड़ा पुष्पेंद्र सिंह रोशन कांस्टेबल विजयपाल कांस्टेबल की टीम के द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

मां की डांट से बेटे ने कीटनाशक दवा पीकर दे दी जान

डूंगरपुर।

मां की डांट से नाराज एक बेटे ने कीटनाशक दवा पीकर जान दे दी। घटना से परिवार सदमे में है। वहीं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया, जिस पर पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वरदा थाना पुलिस के अनुसार हुकी डामोर ने रिपोर्ट में बताया है कि उसका बेटा अनिल डामोर (19 वर्ष) सोमवार को अपने दो छोटे भाई-बहन को लेकर गांव में ही अपनी बहन नर्वदा के घर गया था। देर शाम को जब वह वापस लौटा तो मां हुकी ने उसे बारिश में बच्चों को लेकर जाने के कारण डांटा। मां की डांट से अनिल इतना नाराज हुआ कि घर मे रखी फसल में डालने वाली कीटनाशक दवा पी ली, जिससे उसे उल्टियां होने लगी। जिसके बाद परिजनों को इसकी जानकारी हुई।परिजन उसे सागवाड़ा अस्पताल लेकर गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर बनी रहने पर उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। परिजन उसे डूंगरपुर लेकर आ रहे थे कि रास्ते मे ही अनिल ने दम तोड़ दिया।इसके बाद डूंगरपुर अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टर ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर वरदा थाना पुलिस मौके पर पंहुची। शव को अस्पताल के मॉर्चुरी में रखवाया गया, लेकिन परिजनों ने अनिल की मौत पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं चाहने का लिखकर देते हुए पोस्टमार्टम करवाने से भी इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

सरथूना शराब के ठेके से लग्जरी कार में भरी शराब की पेटियां, तस्करी कर ले जा रहे थे गुजरात

डीएसटी ने दबिश देकर पकड़ी 30 पेटी शराब, गुजरात का तस्कर गिरफ्तार

सीमलवाड़ा।

गुजरात में शराब पर प्रतिबंध है, लेकिन शराब तस्कर तस्करी से बाज नहीं आ रहे। डूंगरपुर के सरथूना बॉर्डर पर स्थित शराब के ठेके से शराब भरकर गुजरात तस्करी हो रही शराब से भरी एक लग्जरी कार को जिला स्पेशल पुलिस टीम ने पकड़ा है। पुलिस ने कार से 30 पेटी शराब बरामद की है। वहीं गुजरात के तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

जिला स्पेशल पुलिस टीम की ओर से जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। डीएसटी प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि सरथूना स्थित शराब के ठेके के गोदाम से एक कार में शराब भरकर गुजरात तस्करी हो रही है।

इस पर डीएसटी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, यशपालसिंह, मुकेश की टीम ने सरथुना पंचाल बस्ती से आगे नाकाबंदी कर दी। इस दौरान मुखबिर के बताएं अनुसार कार आते हुए नजर आई, जिसे रुकने का इशारा किया। चालक से पूछताछ की तो सही जवाब नहीं दे सका, जिस पर कार की तलाशी ली तो उसमें अवैध शराब भरी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि चालक के पास शराब परिवहन को लेकर कोई दस्तावेज नहीं थे, जिस पर प्रताप भाई डामोर निवासी कालियाकुंआ थाना मेघरज गुजरात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार से 20 पेटी अंग्रेजी शराब व 10 पेटी बियर बरामद की है। आरोपी ने सरथुना शराब के ठेके से शराब को भरकर गुजरात के महिसागर ले जाना बताया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि बॉर्डर के शराब के ठेकों से अवैध तरीके से शराब की तस्करी गुजरात हो रही है, जबकि गुजरात मे शराब पर प्रतिबंध है। वही बॉर्डर के शराब ठेकेदार गुजरात में शराब की तस्करी करवाकर महंगे दामों पर बेच रहे है।

ऐसे में भले ही पुलिस पंजाब, हरियाणा की शराब कक गुजरात तस्करी रोकने का दावा कर रही है, लेकिन अब शराब ठेकेदारो की मिलीभगत से राजस्थान की शराब गुजरात तस्करी कर पंहुचाई जा रही है।